# हमेशा से ड्रामा क्वीन रही हूं: रीम शेख

अभिनेत्री रीम शेख टेलीविजन जगत में एक जाना-पहचाना नाम हैं। टीवी शो 'तुझसे है राब्ता' में कल्याणी की भूमिका निभा रहीं रीम को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। उन्होंने महज छह साल की उम्र में ही इमेजिन टीवी के शो 'नीर भरे नैना' से अभिनय में आगाज कर दिया था।

रीम ने कम उम्र में अभिनय में आ जाने वालीं रीम खुद को ड्रामा क्वीन मानती हैं। रीम ने मैं हमेशा से ड्रामा क्वीन रही हूं। मेरे पापा ने ऐसे ही यलो बुक से थोड़े कॉन्टेक्ट निकाले। पोर्टफोलियो करवाया। मैंने काफी ऑडिशन दिए फिर इमेजिन टीवी के 'नीर भरे तेरे नैना देवी' के लिए दिया, जहां से मेरा सफर शुरू हुआ।''

महिला सशक्तीकरण के बारे में बात के दौरान उन्होंने कहा कि लडकी के काम करने को मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए। अभिनेत्री ने कहा, ''मैं सोचती हूं कि जो लोग इसे एक मुद्दा बना देते हैं कि लडकी है और काम कर रही है...मैं कहती हूं कि यह कोई बड़ा मुद्दा है ही नहीं। एक लडकी निश्चित रूप से लडकों से बिल्कुल कमतर नहीं होती तो जाहिर है कि वह काम करेगी ही। लडका या लडकी नहीं, बल्कि एक इंसान काम कर रहा है। लडकी का काम करना बड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि एक महिला का शादीशुदा जिंदगी की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए और अपने बच्चों को संभालते हुए काम करना एक बड़ा मुद्दा है।''

टीवी शो 'तुझसे है राब्ता' में कल्याणी की भूमिका निभा रहीं रीम से जब पूछा गया कि वास्तविक जीवन में वह इस किरदार से कितना जुड़ाव महसूस करती हैं तो उन्होंने कहा, ''काफी कुछ है जैसे कि कल्याणी माता-पिता को बहुत प्यार करती है और काफी खुशमिजाज है। एक चीज रिलेट नहीं करती कि कल्याणी बहुत गुस्से में आकर ऐसी हरकतें कर देती है जिससे वह हमेशा फंस जाती है जबकि रीम बिल्कुल वैसी नहीं है।''

कास्टिंग काउच के बारे में उन्होंने कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो जो लोग यह करते हैं वह बहुत ही वाहियात हैं। किसी की मजबूरी का फायदा उठाना बहुत ही शर्मनाक चीज है, लेकिन लड़कियों के लिए मैं कहना चाहूंगी कि वे अपने आपको प्रेजेंट ऐसे करें कि किसी की हिम्मत न हो कि कोई आपके साथ ऐसी-वैसी हरकतें कर सकें। अगर आप खुद को मजबूत और आत्मनिर्भर शख्सियत के तौर पर पेश करेंगी तो सामने वाले शख्स में हिम्मत नहीं होगी कि वो आपको छेड़े भी फिर इसका शिकार होना तो बहुत दूर की बात है।''

ड्रीम रोल के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि 'बेहद' का माया का किरदार मुझे बहुत पसंद है और मैं ऐसा किरदार निभाना चाहूंगी। यह शानदार है जिस तरह की वह सनकी है लेकिन फिर भी बहुत ग्लैमरस है...इस किरदार ने एक छाप छोड़ी है और मुझे यह किरदार बहुत प्यारा है।

इस फील्ड में आने वाली लड़कियों के लिए दिए अपने संदेश में रीम ने कहा, ''कभी भी हिम्मत नहीं हारे, क्योंकि दो साल पहले मैं भी ऐसा महसूस करने लगी थी कि मैं क्या कर रही हूं लेकिन मैंने हिम्मत नहीं हारी। विश्वास बनाए रखें। कड़ी मेहनत करें। काम के प्रति ईमानदार रहें और काम की पूजा करें, क्योंकि आज अगर हम अपने काम की इज्जत करेंगे तो कल फिर काम आपकी जरूर इज्जत करेगा।''



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# वह भी तो अपनी मां के पेट से ही जन्में हैं: समीरा रेड्डी



बॉलिवुड अभिनेत्री समीरा रेड्डी दूसरी बार मां बनने वाली हैं। पहली प्रेग्नेंसी के दौरान छुप-छुप कर बाहर निकलने वाली समीरा कहती हैं कि आज समय बदल गया है। लोग प्रेग्नेंसी के बाद भी हिरोइन को अच्छा काम मिल रहा है। अब प्रेग्नेंसी के समय भी बाहर निकलना ग्लैमरस, हॉट और सेक्सी फील होता है। जो लोग प्रेग्नेंसी से वापस लौटी महिलाओं को सोशल मीडिया में ट्रोलिंग करते हैं, वह भी तो अपनी मां के पेट से ही जन्में हैं।

समीरा बताती हैं, जी मैं फिर से मां बनने वाली हूं। प्रेग्नेंट होने पर कभी-कभी ग्लैमरस दिखना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन आज मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। आपको हमेशा सेक्सी महसूस करना चाहिए, चाहे आप प्रेग्नेंट हों या नहीं हों। जब मैं पहली बार मां बनी थी तो बहुत चिंतित थी। सोचती थी लोग मुझे कैसे देखेंगे, वजन कितनी जल्दी और कैसे कम होगा, लेकिन अब मुझे बहुत चार्मिंग और अच्छा महसूस होता है।

समय के साथ बदली सोच समीरा कहती हैं, अब किसी तरह की कोई हिचक नहीं है। पहले बच्चे के दौरान मैं खुद को बहुत कवर करके बाहर निकलती थी, लेकिन अब वह झिझक नहीं रही। यह सब माइंडसेट से होता है। अब तो मैं ऐसा सोचती हूं, प्रेग्नेंट हूं तो क्या हुआ, मैं भी हॉट लग सकती हूं।

समय के साथ लोगों की सोच और चीजों को अपनाने में भी बदलाव हुआ है। आज लोग प्रेग्नेंट महिला (हिरोइन) जैसी है, उसे वैसा ही स्वागत करते हैं और अपना रहे हैं। यह बदलाव बहुत अच्छा है। यह अच्छा है कि हम अपने प्रेग्नेंट वाले समय में बाहर निकल रहे हैं।

बॉडी शेमिंग ट्रोलिंग पर समीरा कहती हैं, मुझे ट्रोलर्स से बहुत ही महत्वपूर्ण पूछना है... बॉडी शेमिंग ट्रोलिंग करने वालों से मेरा सवाल है कि आप लोग कहां से आए हैं। आप लोगों ने भी तो अपनी मां के पेट से ही जन्म लिया है न और आप मां के पेट से बाहर आए तो आपकी मां हॉट थी न। प्रेग्नेंसी के बाद बॉडी शेमिंग बहुत ही शर्मनाक है।

समीरा आगे कहती हैं, बच्चे को जन्म देने की प्रक्रिया बेहद ही नैचरल प्रॉसेस है। बहुत खूबसूरत और अमेजिंग है। करीना कपूर खान जैसे लोग फटाफट प्रेग्नेंसी के बाद हॉट और सेक्सी लग रहे हैं, लेकिन मुझे थोड़ा टाइम लगा। ट्रोलर्स को क्या कहूं। यही कहूंगी कि मेरे पास सुपर पावर है। मैं एक बच्चे को जन्म दे सकती हूं।

# अरबाज खान ने पूछा गंदा सवाल, रो पड़ीं सनी लियोनी

इन दिनों बॉलिवुड अभिनेता अरबाज खान अपने नए शो पिंच बाय अरबाज खान को लेकर खबरों में हैं। अरबाज के इस टॉक शो में जो सवाल पूछे जाते हैं, वह सोशल मीडिया से लिए जाते हैं। कई बार यह इतने भद्दे और शर्मिंदा कर देने वाले होते हैं, जिनका जवाब देते समय सितारे इमोशनल भी हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर सितारों की ट्रोल किए जानें, और भद्दे कॉमेंट्स को लेकर नाराजगी जताते हुए अरबाज खान ने कहा कि सोशल मीडिया में ऐसे-ऐसे सवाल किए जाते हैं, जिसके बारे में बात करना या जवाब देना आसान नहीं होता है।

अरबाज बताते हैं कि सनी लियोनी के साथ शो की शूटिंग के दौरान एक ऐसा सवाल सामने आया, जिसे सुनकर सनी रो पड़ी थीं। अब मैंने तो वह सवाल बनाया नहीं था। वह सवाल तो पब्लिक डोमेन में है, ऐसे में क्या कर सकते हैं। बहुत सारे और भी सितारे कुछ सवालों से परेशान हो गए थे। मैंने कोशिश की है कि कोई ऐक्टर मेरे सवालों से परेशान न हो।

शो के बाद किसी की पर्सनल या प्रफेशनल लाइफ खराब न हो। अरबाज कहते हैं, सोशल मीडिया की यह समस्या बहुत बड़ी है, जिसे हम अपने शो के माध्यम से दुनिया के सामने रख रहे हैं। शायद यह शो देखने के बाद लोगों को समझ में आएगा कि जब वह कुछ भी अनाप-शनाप लिखते हैं तब सितारों को कितना बुरा महसूस होता है। हम अपनी जिंदगी में नेम, फेम और प्रतिष्ठा के लिए काम करते हैं और सोशल मीडिया में लोग आपकी प्रतिष्ठा पर गंदे कॉमेंट कर उसे बर्बाद कर देते हैं।

